वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 21.04.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",तरुण मित्र,समाचार भारत," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

तरूण मित्र –दि0 21.04.2026

काशी जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर शहर के विकास के लिए सभी वर्गो से मांगा गया सुझाव

कमिश्नर एस राजलिंगम की अध्यक्षता व वीडीए वीसी पुर्ण बोरा की मौजूदगी में हुई सार्थक चर्चा

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। आयुक्त वाराणसी मण्डल/ अध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण एस.राजलिंगम की अध्यक्षता तथा उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण पुर्ण बोरा की उपस्थिति में आयुक्त सभागार में काशी जन संवाद का आयोजन किया गया।

जिसमें शहर के विभिन्न वर्गों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) एवं चिकित्सालय संघ, व्यापार एवं बाजार संघ, होटल एवं रेस्टोरेंट संघ, पर्यटन गाइड संघ, परिवहन संघ, घाट समितियां, पर्यावरण एवं गैर-सरकारी संगठन, महिला सशक्तिकरण से जुड़े संगठन, सांस्कृतिक एवं विरासत संरक्षण से संबंधित संस्थाएं, गंगा एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, हस्तशिल्प एवं बनारसी साड़ी से जुड़े संघ, आवासीय कल्याण संघ (RW), मीडिया एवं प्रेस प्रतिनिधि, विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स शामिल रहे। उक्त जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं, संगठनों एवं नागरिकों द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए शहर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। संवाद के दौरान स्वच्छता, पर्यटन विकास, भारत माता मंदिर के सौंदर्यीकरण, नए टाउनशिप के विकास, ट्रैफिक समस्याओं के समाधान, सारनाथ स्थित आकाशवाणी के पास पार्किंग व्यवस्था के सुझाव सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, काशी की गलियों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाने का सुझाव दिया गया तथा वेदव्यास मंदिर के जीर्णोद्धार के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। मंडलायुक्त द्वारा सभी उपस्थित जनों से अनुरोध किया कि वे अपने सुझाव लिखित रूप में उपलब्ध कराएं, जिससे उन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उपाध्यक्ष वीडीए द्वारा HFL, नए टाउनशिप से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उपस्थित जनों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से वाराणसी के सतत एवं समावेशी विकास को सुनिश्चित करना रहा, जिसमें प्राप्त सुझावों को भविष्य की योजनाओं में सम्मिलित किए जाने पर बल दिया गया।

कमिश्नर एस राजलिंगम की अध्यक्षता व वीडीए वीसी पुर्ण बोरा की मौजूदगी में काशी के विकास के बाबत शहर के सभी वर्गों के लोगों कर साथ आयोजित हुई बैठक

समाचार भारत –दि0 21.04.2026

ट्रैफिक, स्वच्छता और पार्किंग पर वीडीए ने मांगे सुझाव, 'काशी जन संवाद' में जुटे शहर के दिग्गज

समाचार भारत
संजना वर्मा

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आयुक्त सभागार में आयोजित 'काशी जन संवाद' में शहर के भविष्य को संवारने पर चर्चा हुई। मण्डलायुक्त श्री एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में चिकित्सा, व्यापार, पर्यटन और संस्कृति से जुड़े संगठनों ने हिस्सा लिया। संवाद के दौरान भारत माता मंदिर के सौंदर्यीकरण, सारनाथ में नई पार्किंग, ट्रैफिक जाम से मुक्ति और गंगा घाटों की स्वच्छता जैसे अहम मुद्दों पर सुझाव दिए गए। मण्डलायुक्त ने सभी संस्थाओं से लिखित सुझाव मांगे हैं ताकि उन्हें आगामी योजनाओं में शामिल किया जा सके। उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा ने नए टाउनशिप और एचएफएल (HFL) से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान किया। बैठक में आईएमए, होटल एसोसिएशन और विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद रहे।